हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

11 खट्टर के जन्मदिन पर पंचनद सेवा सदन में लगा 'सेवा का महाशिविर'



12 नप कर्मचारियों ने दो दिन बढ़ाई हड़ताल, नही घूमें गाड़ियों के पहिए




## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आज से

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 6, 7 व 8 मई को जिला स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार के प्रस्तावित दौरे के दौरान यह शिविर आयोजित किया जाएगा।

### फतेहाबाद क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के ट्रायल 10 को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक सचिव नरेश कुलडिय़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें फतेहाबाद क्रिकेट लीग के तहत अंडर-12 व अंडर-14 आयु वर्ग की टीमों के चयन को लेकर चर्चा की गई। कुलडिय़ा ने बताया कि आगामी दिनों में अंडर 12 व अंडर 14 उम्र के बच्चों के लिए फतेहाबाद क्रिकेट लीग के नाम से क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया जाएगा। इन दोनों वर्गों के खिलाडिय़ों के चयन के लिए 10 मई रविवार को ट्रायल आयोजित किए जायेगा।

### दो अवैध हथियारों के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक युवक को दो अवैध हथियारों के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान गौरव पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शहर टोहाना से मनियाणा रोड पर गश्त पर तैनात थी।

### 518 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध जांच शाखा फतेहाबाद की टीम ने एक अंतरराज्यीय अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 518 ग्राम अफीम बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरभजन सिंह उर्फ हरबंस सिंह पुत्र चानन सिंह के रूप में हुई है।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 8 मई को

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय में 8 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर, जय श्री श्याम बायोफर्टिलाईजर्स में सेल्स एग्जिक्यूटिव तथा पुखराज हेल्थकेयर में वैलनेस एडवाइजर की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस मेले में भाग लेने हेतू प्रार्थी 10वीं से स्नातक पास होना चाहिए तथा हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में नाम दर्ज होना चाहिए।

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर आयोग का बड़ा खुलासा, सख्त कानून की जरूरत

# परिवार टूटने के 60 प्रतिशत मामलों में लिव-इन रिलेशनशिप जिम्मेदार : भाटिया

**समाज की प्रमुख चुनौतियां**

- पारिवारिक संबंधों में तनाव
- युवाओं में नशे की लत
- सोशल मीडिया का गलत उपयोग
- महिलाओं पर अपराध में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध अब गंभीर सामाजिक संकट का रूप लेते जा रहे हैं। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने फतेहाबाद में कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार और असम्मानजनक व्यवहार न केवल कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि समाज के नैतिक संतुलन को भी बिगाड़ रहे हैं। उनका कहना है कि आयोग के पास आने वाली शिकायतों में करीब 60 प्रतिशत मामले लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े हैं। यह आंकड़ा बदलते सामाजिक ढांचे और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं की ओर संकेत करता है। भाटिया ने कहा कि इन मामलों को लेकर कानून में स्पष्टता की कमी है, इसलिए इस विषय पर गंभीर मंथन और कानूनी पुनर्विचार जरूरी हो गया है। वह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी।





फतेहाबाद। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया व प्रदर्शनी का अवलोकन करती चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

### बेटे ने पिता पर लगाए गंभीर आरोप

चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि फतेहाबाद के एक परिवार में चल रहे घरेलू विवाद की सुनवाई के दौरान बेटे ने अपने ही पिता के चरित्र पर सवाल उठाए हैं। बेटा यह दावा कर रहा है कि उसकी पत्नी के गर्भ में पल रहा बच्चा उसके पिता (ससुर) का है और वह इसके लिए डीएनए टेस्ट की मांग कर रहा है। रेणु भाटिया ने इस मांग को बेहद निंदनीय और शर्मनाक करार देते हुए कहा कि रिश्तों में इससे ज्यादा गिरावट और क्या होगी।

### हांसी और फतेहाबाद में 24 मामलों की सुनवाई

आयोग की चेयरपर्सन ने बताया कि आयोग द्वारा पिछले दिन हांसी और फतेहाबाद के कुल 24 मामलों की सुनवाई की गई है। इनमें से दो मामले फतेहाबाद के अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक मामले में परिवार के भीतर बहू और ससुर के संबंधों की शिकायत सामने आई है, जिस पर आयोग गंभीरता से सुनवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल पारिवारिक ताने-बाने को तोड़ती हैं, बल्कि समाज के नैतिक ढांचे को भी कमजोर करती हैं।

### युवाओं में नशा व जुआ की बढ़ती प्रवृत्ति

रेणु भाटिया ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशा, गेमलिंग और ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेकर गलत गतिविधियों में लिप्त होने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने हाल ही में प्रदेश में सामने आए बच्चियों के आत्महत्या मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं के पीछे ऐसे कारकों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### पीएम श्री विद्यालय में बेटियों को सावधान व सुरक्षित रहने के लिए किया जागरूक

चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने फतेहाबाद दौरे की शुरूआत पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से की। यहां उन्होंने पोक्सो एक्ट सहित बेटियों को कानूनी अधिकारों व साइबर क्राइम से सावधान रहने के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

### बेस्ट रील को आयोग देगा 5100 रुपये

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि सोशल मीडिया का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय की बेटियां पॉजिटिव रील्स बनाएं जिसमें हमारे संस्कार, हमारी शिक्षा व समाज को नई दिशा देने वाली 5 रील्स पॉजिटिव मेसेज की हों उनमें से बेस्ट रील को आयोग की ओर से 5100 रुपए का सम्मान दिया जाएगा। सेल्फ डिफेंस की भी बेटियों को ट्रेनिंग दी जाए।

### सामाजिक मर्यादा बनाए रखने की अपील

रेणु भाटिया ने कहा कि एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के बढ़ते मामलों से पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे सामाजिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए परिवार की गरिमा बनाए रखें। चेयरपर्सन ने सिंगर, लेखक और डांसर सहित सभी रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों से अपील की कि वे अपनी अभिव्यक्ति में मर्यादा और कानून का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं के अपमान या उनकी छवि को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी सामग्री को महिला आयोग सहन नहीं करेगा।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए कमेटियों का गठन अनिवार्य

चेयरपर्सन ने कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए बनाए गए नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन और उसका सक्रिय संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस विषय पर उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, व्यवस्थाओं को जांचा

रेणु भाटिया ने अपने दौरे के दौरान वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं को समय पर सहायता और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात आयोग की चेयरपर्सन ने सदगुरु अपना घर में जाकर वहां रह रहे विशेष बौद्धिक क्षमता वाले लोगों से मुलाकात की और उनकी देखभाल व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## गेहूं के अवशेष जलाने पर पहली कार्रवाई 5 महिलाओं समेत 7 लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेष जलाने के मामले में इस सीजन की पहली एफआईआर दर्ज की गई है। भूना पुलिस ने मंगलवार को कृषि विभाग की शिकायत पर 5 महिलाओं सहित कुल 7 किसानों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कृषि विभाग के कृषि विकास अधिकारी सोहनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हरियाणा अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (हरसेक) द्वारा 2 मई को खेतों में आग लगने की लोकेशन भेजी गई थी। सूचना मिलते ही विभाग की एक टीम गठित की गई, जिसमें पटवारी सुनील मोंगा, ग्राम सचिव सूबे सिंह और स्थानीय नंबरदार शामिल थे।

### पुलिस ने जांच की शुरू

टीम ने गांव नाढोड़ी के संबंधित क्षेत्र का दौरा कर मौके का भौतिक निरीक्षण किया। के दौरान टीम ने पाया कि गांव नाढोड़ी के अलग-अलग खसरों में बड़े पैमाने पर गेहूं के अवशेष जलाए गए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सुनीता देवी ने 25 कनाल 1 मरला भूमि, लिछमा देवी ने 5 कनाल 9 मरला भूमि, बंसीलाल, रामकौरी, सीताराम उर्फ सतनारायण, सुमन और पूनम के सांझे खेतों में लगभग 16 कनाल भूमि पर अवशेष जले हुए मिले। प्रशासन के अनुसार, फतेहाबाद के उपायुक्त ने 30 मार्च को एक आधिकारिक पत्र जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद खेतों में आग लगाकर पर्यावरण नियमों और सरकारी आदेशों की अवहेलना की गई। भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि कृषि विभाग के एडीओ की शिकायत के आधार पर सातों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की आगामी जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी सैटेलाइट से मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## नवनियुक्त बीडीपीओ सुशील मंगला ने संभाला कार्यभार

- विभिन्न गांवों के सरपंचों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद के नए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के रूप में सुशील मंगला ने आज विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया है। बता दें कि सरपंचों व पंचायत समिति चेयरपर्सन से विवाद के बाद बीडीपीओ भजनलाल का यहां से ट्रांसफर कर दिया गया था। सुशील मंगला के पदभार ग्रहण करने के मौके पर खंड के विभिन्न गांवों के सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यालय पहुंचकर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बीडीपीओ पद पर कार्यभार संभालने पर गांव मताना के युवा सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा और अयालकी के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह लखेरा ने सुशील मंगला को गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान सरपंच दलबीर वर्मा ने गांवों के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि गांवों का सर्वांगीण विकास ही हमारी मुख्य प्राथमिकता है।



फतेहाबाद। बीडीपीओ सुशील मंगला का स्वागत करते सरपंच व अन्य।

### जताया आभार, दिलाया भरोसा

वहीं, नवनियुक्त बीडीपीओ सुशील मंगला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वह सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम सचिव रोशन सोनी, मताना के पूर्व पंच इंद्र निराणियां, रामप्रशाद भोभरिया मताना, छोटू राम निम्बीवाल मताना, अनिल वर्मा और मनरेगा मेट राधेश्याम डागर सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## ओढां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल समस्या

**ओढां।** पीने के पानी की समस्या को लेकर मार्केट कमेटी चेयरमैन सतपाल शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा का दौरा किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल मरीजों को होने वाली समस्याओं को जाना और उनका समाधान करवाया। चेयरमैन को अस्पताल में दाखिल मरीजों ने कई समस्याएं गिनवाई जिनमें पीने के पानी की प्रमुख थी। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में पीने का पानी गंदा और खारा आ रहा है। चेयरमैन सतपाल शर्मा ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित जैन को पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डॉ. सुमित जैन ने बताया कि जलघर से खारे पानी की सप्लाई आ रही है। जलघर से खारे पानी बाबत जलघर के एसडीओ विकास ज्याणी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ओढ़ा जल घर में पांच टैंक बने हुए है। 15 दिन की नहर बंदी होने पर जलघर में पीने का पानी 8 दिन में समाप्त हो जाता है इसलिए उन्हें ट्यूबवेल का पानी नहरी पानी के साथ मिलाकर देना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल का खारा पानी जलघर की सभी डिगियों के स्थान पर केवल एक ही टैंक में एकत्रित किया जाए ताकि जरूरत पडने पर ही नहाने धोने के लिए सप्लाई छोड़ी जाए। इस अवसर पर उनके साथ गगनदीप सिंह कालांवाली, भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने पकड़ी नशे की बड़ी खेप

- घर में छुपाकर रखा था नशा, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने जिले के डिंग थाना क्षेत्र से नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। तस्कर झारखंड से नशा लेकर आए थे और सिरसा व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर दबिश देकर मौके से करीब 15 लाख रुपये की 54 किलोग्राम चूरापोस्त व डेढ़ किलोग्राम अफीम बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी संजीव बल्हारा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव थेहड़ी बाबा सावन सिंह में एक युवक अवैध रूप से नशा तस्करी में संलिप्त है और अपने घर से नशीले पदार्थों का कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस को एक युवक गली में खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस पार्टी को देखकर भाग गया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मकान से 54 किलोग्राम चूरापोस्त व एक किलो 560 ग्राम अफीम बरामद की गई।



सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी।

## टूटी सड़क और अवैध कट बने हादसों का कारण, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

मिनी बाइपास पर एक साल से टूटी पड़ी सडक़ और अवैध कट अब लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। मंदिर के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार घायल युवकों की पहचान सेक्टर-19 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अजय कुमार और प्रहलाद सिंह के रूप में हुई है। दोनों दिहाड़ी मजदूरी के लिए मिनी बाइपास स्थित मंदिर के पास एक कॉलोनी में जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई और दोनों सडक़ किनारे जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहा प्रहलाद मौके पर बेसुध हो गया, जबकि अजय के पैर में चोट लगी। आसपास के लोगों ने दोनों को संभाला और सहायता के लिए डायल 112 पर कॉल की। सूचना के बावजूद एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने इंतजार किए बिना दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

## किरढान के खेतों में जुआ खेलते 4 आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

गांव किरढान के क्षेत्र में छापेमारी करते हुए भट्टूकलां पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेश पुत्र दुनीचन्द, रतनलाल पुत्र गणेशीराम, हंसराज पुत्र कासीराम और सुरेश पुत्र नेकीराम के रूप में हुई है, जो सभी गांव किरढान के ही निवासी हैं। थाना भट्टू कलां प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव किरढान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति नहर के पास झाड़ियों की ओट में एक पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर ताश के पत्तों पर पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने तुरंत एक रेडिंग पार्टी तैयार की और योजनाबद्ध तरीके से मौके पर दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 26 हजार 950 रुपये की दांव राशि और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। पुलिस ने जुए की राशि और ताश के पत्तों को अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपियों के खिलाफ थाना भट्टू कलां में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भीड़ संभालने को रेलवे ने बढ़ाए फेरे, लेकिन इंटरलॉकिंग कार्य से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

छोटे व्यापारी, छात्र और नौकरीपेशा सबसे ज्यादा प्रभावित

# गर्मी में ट्रेनों पर दबाव, 40 स्पेशल ट्रिप में 1.28 लाख यात्रियों ने किया सफर, जाखल-दिल्ली की 2 ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गर्मी की छुट्टियों के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ चरम पर पहुंच गई है। हालात ऐसे हैं कि सामान्य ट्रेनों में वेटिंग लंबी होने लगी, तो रेलवे को समर स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने पड़े। उत्तर रेलवे और बीकानेर मंडल द्वारा अब तक करीब 40 स्पेशल ट्रिप संचालित किए जा चुके हैं, जिनमें एक लाख 28 हजार से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, जिन रूटों पर हर साल गर्मियों में दबाव बढ़ता है, वहां इस बार पहले से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और सफर को सुगम बनाने के लिए ट्रेनों के फेरे ही नहीं, बल्कि उनकी अवधि बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। बीकानेर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राम सिंह ने बताया कि यात्रियों की मांग के अनुसार नई स्पेशल ट्रेनों की घोषणा लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि यात्री पहले से योजना बनाकर टिकट बुक करें और यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की पुष्टि जरूर करें, ताकि परेशानी से बचा जा सके। रेलवे प्रशासन ने साफ किया है कि यह निर्णय तकनीकी कार्य के चलते लिया गया है और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही अपील की गई है कि यात्री यात्रा से पहले ट्रेनों की ताजा जानकारी जरूर लें। स्पष्ट है कि इस बार गर्मी में ट्रेनों पर दबाव रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है।



फतेहाबाद। जाखल रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### लोगों ने कहा- यात्रा करना बना चुनौती


लेकिन एक तरफ जहां स्पेशल ट्रेनों से राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर जाखल-दिल्ली रूट के यात्रियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। उत्तर रेलवे ने दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास किशनगंज में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस रूट की दो पैसेंजर ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। जाखल रेलवे स्टेशन अधीक्षक चांदराम दहिया के अनुसार, गाड़ी संख्या 54035 (दिल्ली-जाखल) को 5 मई से 13 मई तक और गाड़ी संख्या 54036 (जाखल-दिल्ली) को 10 मई से 12 मई तक रद्द किया गया है। इन ट्रेनों के बंद होने का सबसे ज्यादा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा, जो रोजाना या साप्ताहिक आधार पर दिल्ली से सामान खरीदने जाते हैं। इसके अलावा नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यात्रियों का कहना है कि एक ओर भीड़ के कारण सीट मिलना मुश्किल है, वहीं दूसरी ओर पैसेंजर ट्रेनें बंद होने से विकल्प भी कम हो गए हैं। ऐसे में यात्रा करना चुनौती बन गया है।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



**हॉलीवुड मसाला**



## फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



## क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

मुंबई। करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

नई दिल्ली। सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

**टीवी मसाला**



## राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

नई दिल्ली। टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

मुंबई। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

मुंबई। 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आए बाइक सवार दो भाई

**सिरसा।** जिला के गांव झोरडऩाली में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाई ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में राजपाल ने बताया कि वह झोरड़नाली का रहने वाला है और वह टावर पर जरनेटर टेक्निशियन का काम करता है। वह दोनों भाई ओटू फीडर के पास खेत में ढाणी में रहते हैं। बीते दिवस शाम 8 बजे वह अपने भाई के साथ ढाणी से अपने बाइक पर सवार होकर झोरड़नाली से चामल रोड होकर शेखूपुरिया जा रहा था। जब वे जम्मुराम ढाणी पुल के पास पहुंचे तो सामने से अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक आया और ट्राली की साइड से बाइक को टक्कर मार दी।

### स्काउट मास्टर ने किया 40वीं बार रक्तदान

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहुवाला 2 में मंगलवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। भारत स्काउट एंड गाइड सिरसा के सचिव सुखदेव सिंह ढिल्लों के मार्गदर्शन में स्काउट मास्टर आनंदप्रकाश कारगवाल ने 40वीं बार रक्तदान किया।

### गूगल मैन बजरंग टाक को किया सम्मानित

**सिरसा।** जिला के गांव चक्कां के युवा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट एवं गूगल मैन के नाम से प्रसिद्ध बजरंग टाक के सम्मान में ग्राम पंचायत और ड्रीम एजुकेशन हब चक्कां की ओर से ई-लाइब्रेरी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में चयनित होने पर बजरंग का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। समारोह में बजरंग टाक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सरपंच अमर सिंह छापोला, नंबरदार प्रेमचंद टाक, पूर्व पंच डॉ. रामकुमार डाल और वेद मनफूल टाक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत व ड्रीम एजूकेशन हब के सदस्यों ने बजरंग को सम्मानित कर उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

### जलालआना के गुरप्रीत सिंह ने बनाया मोबाइल ऐप

**सिरसा।** गांव जलालआना के सॉफ्टवेयर इंजीनियर गुरप्रीत सिंह ने एक उपयोगी मोबाइल ऐप तैयार किया है। ये ऐप खास तौर पर ट्रिप और ग्रुप खर्चों को मैनेज करने के लिए बनाया गया है। इस ऐप का आइडिया गुरप्रीत को अपने एक निजी अनुभव से मिला। उन्होंने बताया कि जब वह अपने कॉलेज दोस्तों के साथ अमृतसर घूमने गए थे। तब ग्रुप खर्चों को नोटबुक में मैनेज करना काफी मुश्किल हो गया था। यह समझना कठिन हो रहा था कि किसने कितना खर्च किया और उसे सभी में सही तरीके से कैसे बांटा जाए।

### गलघोटू रोग से बचाव के लिए चलेगा अभियान

**सिरसा।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के 11वें चरण के तहत मई माह के प्रथम सप्ताह से प्रदेशभर में मुंह खुर एवं गलघोटू रोग से बचाव के लिए संयुक्त टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। उपनिदेशक सघन पशुधन एवं विकास परियोजना डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर सभी उपमंडल अधिकारियों, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के अधिकारियों तथा पशुचिकित्सकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### छात्राओं में वितरित की एल्बेंडाजोल टेबलेट

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत मॉपअप दिवस के अवसर पर एलबेंडाजोल टेबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि युवा वर्ग को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को एलबेंडाजोल की दवा वितरित की गई तथा इसके सेवन की विधि एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

---

रक्तदान के लिए उमड़ा जनसैलाब, हरकोफैड चेयरमैन वेद फुलां रहे आयोजक

# मनोहर लाल के जन्मदिन पर पंचनद सेवा सदन में लगा 'सेवा का महाशिविर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस को 'सेवा, संकल्प एवं कृतज्ञता दिवस' के रूप में मनाते हुए पंचनद सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पूर्व विधायक दुडा राम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरकोफेड चेयरमैन वेद फुला ने की। इस कार्यक्रम के आयोजक भी चेयरमैन वेद फुलां थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का पूरा जीवन सेवा, समर्पण और पारदर्शी शासन का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा की राजनीति में ईमानदारी, जवाबदेही और जनहित आधारित नई कार्यशैली स्थापित हुई है। सांसद बराला ने बताया कि वे लगभग 28 वर्षों से मनोहर लाल के साथ जुड़े हुए हैं और इस दौरान उनके सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासित कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण को नजदीक से देखा है। ऐसे व्यक्तित्व विरले होते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र और मानवता की सेवा को अपना ध्येय बनाते हैं।



**फतेहाबाद।** शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

#### जनसेवा का पर्याय रहा मनोहर लाल का कार्यकाल : फुलां

कार्यक्रम के आयोजक हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां ने कहा कि मनोहर लाल का कार्यकाल जनसेवा, पारदर्शिता और सुशासन का पर्याय रहा है। मनोहर लाल ने प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने में महत्वपूर्ण कदम मेरिट के आधार पर दिए। लाखों युवाओं को रोजगार उनकी योग्यता के आधार पर मिला है। 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्मचारियों को तबादला में पारदर्शिता लागू करने का कम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर जैसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। रक्तदान न केवल एक पुनीत कार्य है, बल्कि किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान भी बन सकता है।

#### पूर्व सीएम मनोहर लाल का जन्मदिन मनाया



**चोपटा।** हरियाणा के पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन अवसर पर चौपटा स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में स्वास्थ्य व रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान कैंप में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक सिरसा की टीम ने 252 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बैनीवाल ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आदर्शवादी एवं सिद्धांतवादी सियासत में एक मिसाल कायम की है। साढ़े 9 वर्षों तक हरियाणा का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रत्येक वर्ग को राहत दी।

#### भाजपा कार्यालय में हवन का आयोजन



**सिरसा।** सरसाई कमल कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर हवन यज्ञ किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह ने कहा कि मनोहरलाल को एक संत स्वभावी नेता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए सामाजिक सुधार, पारदर्शी राजनीतिक सुधार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज में सकारात्मक और प्रत्यक्ष परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और समाज में विश्वास, विकास और सुशासन की नई धारा स्थापित हुई है।

#### सिरसा : पूर्व सीएम के जन्मदिन पर किया हवन



**फतेहाबाद।** केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर आज भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से हवन यज्ञ किया गया, जिसमें फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने विशेष तौर पर शिरकत की। जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हवन कुंड में पूर्ण आहुति डालकर मनोहर लाल खट्टर की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

---

## महिला टीचर से बैग छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

एक महिला अध्यापक से दिन-दहाड़े बैग छीनने के मामले को सुलझाते हुए रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिलराज सिंह उर्फ बग्गा पुत्र बलकार सिंह और विजयपाल उर्फ विजय पुत्र बलदेव सिंह के रूप में हुई है, जो दोनों ही गांव हमजापुर के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। शहर रतिया थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि गांव कलोठा निवासी पूजा रानी, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय




अहरवां में अध्यापिका हैं, ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 की दोपहर करीब 1:45 बजे वह नगरपालिका कार्यालय रतिया से जनगणना ड्यूटी से जुड़े जरूरी दस्तावेज और आईडी कार्ड लेकर अपने घर लौट रही थीं।

## सीजेएम सुयशा जावा ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुयशा जावा ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशा पीड़ितों को नशे के दुष्प्रभाव, शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक दुष्प्रभाव बारे विस्तार से बताया। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 16 उपचाराधीन नशा पीड़ित उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों



**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए सीजेएम सुयशा जावा।

को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए और उनके रहन-सहन और खान-पान बारे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि नशा पीड़ित व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही न की जाए। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी प्रेरित किया।

### नशे की बुराई को खत्म करने में खेलों की अहम भूमिका: एसएचओ

**सिरसा।** नशा छोड़ो-खेलों से नाता जोड़ो मुहिम के तहत संतनगर की ओर से गुरदेव इंडोर स्टेडियम में स्ट्रांगमैन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि एसएचओ रानियां गुरनिमंद्र सिंह ने शिरकत की। एसएचओ ने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने में खेल महत्ती भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्रादर्स स्पोर्ट्स क्लब के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन लगातार करवाए जाने का आह्वान किया।

## विद्यार्थियों ने मॉडल संस्कृति स्कूल का किया शैक्षणिक दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के इंटीग्रेटेड स्पेशल एंड इंक्लूसिव टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शैक्षणिक दौरा किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सीखने की प्रक्रिया, उनके व्यवहार तथा शिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही विविध शिक्षण विधियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा शिक्षण, व्यक्तिगत ध्यान और व्यवहार प्रबंधन की तकनीकों को नजदीक से समझा। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.



**सिरसा।** सीडीएलयू के विद्यार्थी मॉडल संस्कृति स्कूल का शैक्षणिक दौरा करते।

मीना कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में विभाग की ओर से डॉ. नीतू, वीरता और विष्णु कुमार भी मौजूद थे। प्रो. मीना कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विशेष शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए संवेदनशीलता, धैर्य और व्यावहारिक समझ की आवश्यकता होती है।

### फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसायटी का गठन, अमर खत्री बने प्रधान

**सिरसा।** फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसायटी की मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में फोटोग्राफी के कार्यों में आ रही मुश्किलों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसायटी का गठन किया, जिसमें अमर खत्री को प्रधान, गजेंद्र शर्मा को कार्यकारी प्रधान, हरपाल जांगड़ा को संगठन सचिव, राजेंद्र स्वामी को कोषाध्यक्ष तथा संजीव शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। प्रधान अमर खत्री ने कहा कि इस सोसायटी का उद्देश्य फोटोग्राफरों के हितों के साथ-साथ समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहकर काम किया जाएगा। इस मौके पर इंद्र चावला, मोंटी सेतिया, ओमप्रकाश, अशोक उपाध्याय, राकेश चावला, राजकुमार चावला, दीप गांधी, सुंदर, रजनीश, सुमित कथूरिया, सचिन, शंटी, आशु मेहता, अरूण आदि मौजूद रहे।

---

एडीसी ने किया मोबाइल वाटर टेस्टिंग वैन का शुभारंभ

## मछली पालकों को मिलेगी पानी की सटीक रिपोर्ट: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने मंगलवार को मोबाइल वाटर टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा खारे पानी में सफेद झींगा पालन को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से मोबाइल वाटर टेस्टिंग वैन की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत राज्य के सिरसा, रोहतक व हिसार जिलों के लिए तीन मोबाइल वैन उपलब्ध करवाई गई हैं, जो अब सीधे गांवों में




**सिरसा।** मोबाइल वाटर टेस्टिंग वैन को रवाना करते एडीसी।

जाकर तालाबों के पानी की जांच करेंगी। एडीसी ने कहा कि यह पहल मछली पालकों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। अब किसानों को पानी की जांच के लिए प्रयोगशालाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और मौके पर ही रिपोर्ट मिल सकेगी। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी तथा मछली पालन को वैज्ञानिक तरीके से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोबाइल वाटर टेस्टिंग वैन के माध्यम से अब तालाबों के पानी की वैज्ञानिक तरीके से व्यापक जांच की जा सकेगी। इस वैन में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनकी सहायता से पानी के लगभग 10 महत्वपूर्ण मानकों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन, लवणता, क्षारीयता, कुल कठोरता, कैल्शियम, मैग्नीशियम, अमोनिया, नाइट्रेट और नाइट्राइट की मौके पर ही सटीक जांच की जाएगी।

#### मत्स्य पालन का बहुत अधिक स्कोप

जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सिरसा में मत्स्य पालन का बहुत अधिक स्कोप है और यह वैन क्षेत्र के लिए बहुत फायदेमंद सिद्ध होगी। यह वैन अपने रूट चार्ट के अनुसार जिला के सभी खंडों में जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले किसानों को पानी की जांच के लिए रोहतक या हिसार स्थित प्रयोगशालाओं में जाना पड़ता था, जिससे उन्हें समय और धन दोनों की हानि होती थी।

---



**फतेहाबाद।** जनगणना कार्य में लगे चार्ज अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

## हाउस लिस्टिंग कार्य को समय पर अपडेट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधान जनगणना अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने जनगणना कार्य में लगे चार्ज अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हाउस लिस्टिंग का कार्य हर हाल में समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्टिंग व मोनिटरिंग पर विशेष फोकस रखा जाए। बैठक के दौरान डीसी ने सभी सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने एनुमेटर के ब्लॉक्स के नजरिया नक्शे पूर्ण होने की रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 2 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी ने स्पष्ट किया कि हाउस लिस्टिंग का कार्य हर हाल में ऐप पर शुरू होना चाहिए और उसकी प्रगति पोर्टल पर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन कार्यरत एनुमेटर्स के कार्य को लगातार मॉनिटर करते हुए उसी समय अपडेट करें, ताकि कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट बनी रहे। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे समय-समय पर एनुमेटर्स के कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित करें और प्रगति का आकलन करें।

#### सक्रिय रहने को कहा

इसके अलावा, डीसी ने निर्देश दिए कि इस शनिवार और रविवार को सभी सुपरवाइजर्स फील्ड में जाकर अपने एनुमेटर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करें और मौके पर ही कार्य का निरीक्षण करें। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि यदि किसी एनुमेटर द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जाता या प्रगति नहीं दिखाई देती, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन ने तकनीकी सहायता और अन्य जानकारी के लिए संबंधित चार्ज ऑफिसर्स को सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री विद्यालय डिंग के छात्रों ने लहराया परचम

**डिंग।** शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिंग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र कुलदीप, कार्तिक, उमेश, हिमांशु और विवेक ने प्रतिष्ठित बुनियाद परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, लगन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इसके अलावा विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र प्रिंस का चयन सॉफ्टबॉल के नेशनल कैंप में हुआ है, जो विद्यालय की खेल प्रतिभाओं की उत्कृष्टता को दर्शाता है। एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में छात्र कुलदीप ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में भी सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### गांव रामसरा में युवाओं की सराहनीय पहल

**भट्टूकलां।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसान ही नहीं बल्कि बेजुबान पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं गांव रामसरा के युवाओं ने शानदार पहल की है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए 150 से अधिक सकोरे विभिन्न स्थानों पर लगाए हैं। गांव के बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी रोहताश शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत स्कूल, मंदिर, मेन चौक, जलघर, अस्पताल, बस स्टैंड, बाबा खूबनाथ अखाड़ा, आंगनवाड़ी सहित कई स्थानों पर पेड़ों पर सकोरे टांगे गए हैं। साथ ही पक्षियों के लिए दाने की भी व्यवस्था की गई है। पुजारी रोहताश शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करना एक बहुत बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों और मुंडेरों पर पक्षियों के लिए पानी और दाना अवश्य रखें, ताकि कोई भी पक्षी प्यासा न रहे।

### पुलिसकर्मी से मारपीट के मामले में आरोपी काबू

**रतिया।** सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस बल पर हमला करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट करने, वर्दी फाडने और ड्यूटी में व्यवधान पैदा करने के मामले में तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अनिल कुमार उर्फ दाडू पुत्र रविंद्र कुमार, निवासी लाली रोड, रतिया हाल निवासी जाखन दादी के रूप में हुई है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि यह घटना 27 मार्च की रात करीब 8:30 बजे की है। उस समय थाना शहर रतिया के राइडर सोमनाथ अपने साथी कर्मचारियों के साथ फतेहाबाद रोड पर नाकाबंदी ड्यूटी पर तैनात थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक

### ठगी का आरोपी काबू, 1.36 लाख राशि बरामद

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने न केवल आरोपी को दबोचा, बल्कि पीड़ित से ठगी गई शत-प्रतिशत राशि यानी 1 लाख 36 हजार रुपये भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र राज कुमार, निवासी हनुमान नगर-1, जिला जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि आजाद नगर, टोहाना निवासी यश गर्ग ने पुलिस को इस धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, फरवरी में आरोपी ने खुद को नोएडा का होलसेल डीलर बताकर यश को झांसा दिया कि वह उन्हें बाजार से 40 प्रतिशत कम दाम पर सीसीटीवी कैमरे और राउटर उपलब्ध करवा देगा। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने गूगल पे के माध्यम से कुल 1 लाख 36 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### किसान से हुई ठगी में सातवां आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** करीब एक साल पहले एक किसान के साथ हुई साइबर ठगी के मामले को पूरी तरह सुलझाते हुए टोहाना पुलिस ने सातवें आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पुलिस ने ठगी गई शत-प्रतिशत राशि यानी पूरे 45 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान ओमप्रकाश खटीक पुत्र बंसीलाल, निवासी गांव रूपाहेली, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी ने बताया कि गांव जापतेवाला निवासी बलजीत सिंह ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 26 अप्रैल 2025 को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को मास्टरजी बताकर उन्हें अपने विश्वास में लिया और कहा कि वह उनके खाते में कुछ पैसे भेज रहा है। इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर पैसे आने के फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजे गए।

### सफाई कर्मचारियों की जायज मांगें मानें

**सिरसा।** सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने हालात पर चिंता जताते हुए कहा है कि हड़ताल के कारण शहर के हालात दिनों दिन विकट होते जा रहे हैं। गलियों और बाजारों में जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शर्मा ने कहा कि गंदगी के ढेर सडक़ों पर फैल गए हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। खासकर बाजारों और रिहायशी इलाकों में हालात और भी खराब हैं, जहां कूड़े के ढेर लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन चुके हैं। शर्मा ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो महामारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है। गर्मी के मौसम में गंदगी और कचरे के कारण बीमारियां तेजी से फैलती हैं, ऐसे में प्रशासन को तुरंत कदम उठाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### पीडीएम छात्र उमंग का सैनिक स्कूल में चयन

**भट्टूकलां।** गांव खाबड़ा कलां स्थित पीडीएम स्कूल के छात्र उमंग चौहान ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल कुंजपुरा (करनाल) में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उमंग का चयन कक्षा छठी के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हुआ है। स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया और डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनिक स्कूल कुंजपुरा रक्षा मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख आवासीय संस्थान है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए तैयार करना है।

### बीडीपीओ ने टीकाकरण पर किया जागरूक

**चोपटा।** चौपटा के बीडीपीओ डॉ. स्टालिन सिद्धार्थ सचदेवा ने मंगलवार को गांव बरासरी के राजकीय उच्च विद्यालय में ग्राम पंचायत बरासरी द्वारा आयोजित एचपीवी टीकाकरण कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों को वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसके लाभों के बारे में समझाया। डॉ. सचदेवा ने बताया कि यह वैक्सीन बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने में सहायक है। इस मौके पर सरपंच अमर सिंह, हेडमास्टर राजबीर सहारण, एसएमसी प्रधान सुभाष बैनीवाल, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर तथा गांव के अन्य गणमान्यउपस्थित रहे।

### डेयरी स्थापना पर मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान

**सिरसा।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को पशुपालन इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर सकें। योजना के तहत 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के हरियाणा निवासी, जो अनुसूचित जाति से संबंधित हैं और बेरोजगार हैं, आवेदन कर सकते हैं। योजना में किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता या प्रशिक्षण की अनिवार्यता नहीं रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें।

### 10.25 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में एजेंसियों द्वारा खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 1,20,651 किसानों की 10,25,534 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 78,968 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 7,59,215 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी 1,87,351 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 24469 मीट्रिक टन, बडागुढा मंडी में 21433 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 53697 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 25244 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 56179 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

## पुराने एसडीएम निवास, अरोड़वंश धर्मशाला व पुराने पीएनबी के बाहर फैला है कचरा

# नप कर्मचारियों ने दो दिन बढ़ाई हड़ताल आज भी नही घूमें कचरा गाड़ियों के पहिए

*कूड़े व कचरे से बढ़ा महामारी फैलने का खतरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में सफाई व्यवस्था बहाल होने में अभी समय लगेगा। नगरपरिषद कर्मचारियों अपनी हड़ताल को दो दिन ओर बढ़ा दिया है। यानि वीरवार तक कर्मचारी कामकाज ठप्प रखेंगे। नगर परिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों की हड़ताल आज पांचवें दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रही। दफ्तर के बाबू से लेकर सफाई कर्मी और डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली गाडिय़ों के पहिए पूरी तरह थमे रहे। कर्मचारियों ने हड़ताल के कारण जनता को हो रही असुविधा पर खेद जताते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनसुना कर रही है, ऐसे में उन्हें हड़ताल बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शहर में इस समय पुराने एसडीएम निवास के सामने, अरोड़वंश धर्मशाला के सामने, पुराने पीएनबी के बाहर, पुराने बस स्टैण्ड के सामने दूर-दूर तक कचरा फैला हुआ है। चारों तरफ दुर्गंध का वातावरण है। शीघ्र ही यहां से गंदगी नहीं उठाई गई तो महामारी फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। इकाई प्रधान नरेश राणा की अध्यक्षता और सचिव ओम प्रकाश लोट के संचालन में आयोजित इस धरने में नगर परिषद के पक्के कर्मचारी, पालिका रोल कर्मी, सफाई ठेका कर्मी और एचकेआरएन के तहत काम करने वाले टाटा एस (डोर-टू-डोर) ड्राइवर भी शामिल हुए। हड़ताल के कारण शहर की कचरा कलेक्शन व्यवस्था चरमरा गई है। नगरपरिषद प्रशासन द्वारा जबरदस्ती टिप्पर चलाने के प्रयासों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन ने ठेका कर्मियों को डरा-धमकाकर डोर-टू-डोर कलेक्शन वाली टिप्पर गाडिय़ों को सडक़ों पर उतारने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारी नेताओं की मुस्तैदी के आगे प्रशासन की यह रणनीति पूरी तरह नाकाम साबित हुई। नेताओं द्वारा मांगों के प्रति जागरूक किए जाने के बाद कचरा गाडिय़ों के ड्राइवर भी हड़ताल में शामिल हो गए, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। इकाई प्रधान नरेश राणा व ओमप्रकाश लोट ने कहा कि वे फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए फायर कर्मी भावी चंद शर्मा और रणवीर सिंह के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।





**फतेहाबाद।** नगरपरिषद कार्यालय में रोष प्रदर्शन करते हड़ताली कर्मचारी। अरोड़वंश धर्मशाला के सामने सडक़ों पर फैला कूड़ा।

### मांगें नहीं मानने पर उग्र होगा प्रदर्शन

सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में कई नेता भूख हड़ताल पर बैठे। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में सकसं के ब्लाक कैशियर प्रेम वर्मा, गुरदयाल सिंह, अनिल, दमकल कर्मचारी जय सिंह, महेन्द्र सिंह शामिल रहे। सीटू नेता बेगराज और पूर्व प्रधान राजा राम टांक ने भूख हड़ताली साथियों को जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। हड़ताल को पार्षद राजू तूड़ेवाला, रिटायरमेंट कर्मी संघ के जोगिंदर सिंह भयाना, निहाल सिंह मताना, सुरेश चौहान और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक प्रधान पवन व सचिव हरपाल ने भी संबोधित किया। इसके अलावा सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान राजपाल मित्ताथल, जिला सचिव राम निवास, पवन शर्मा और पूर्व प्रधान जसवंत कांगड़ा सहित भारी संख्या में कर्मचारी नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। कर्मचारी नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दमनकारी नीति बंद नहीं हुई और मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और उग्र होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### शहर में गंदगी के ढेरों से आम जनता त्रस्त



**फतेहाबाद।** नगर परिषद और अग्निशमन कर्मचारियों की जारी हड़ताल के कारण शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था पर युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आज पूरे शहर में गंदगी के ढेर लग चुके हैं, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है। मुकेश प्रजापति ने जारी बयान में कहा कि नगर परिषद और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर सडक़ों पर हैं, लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण समाधान नहीं निकल पा रहा है। युवा नेता ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तुरंत कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ मेज पर बैठकर बीच का रास्ता निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि हड़ताल जितनी लंबी खिंचेगी, बीमारियों का खतरा उतना ही बढ़ेगा।



**फतेहाबाद।** अल्फा सिटी में योग शिविर का शुभारंभ करते योगाचार्य स्वामी

# योगाभ्यास से मानसिक व शारीरिक व्याधियां होती हैं खत्म : योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अल्फा इंटरनेशनल सिटी के पार्क नंबर 1 में स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम 'आरोग्य' के अंतर्गत तीन दिवसीय विशाल विलक्षण योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन संस्थान के संस्थापक आशुतोष महाराज के शिष्य योगाचार्य स्वामी विज्ञानानंद ने भारतीय संस्कृति की अनमोल विरासत योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह तन, मन और आत्मा की एकात्म अवस्था का परिचायक है। यह मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित कर स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का वह उपहार है जो आधुनिक जीवनशैली में चेतना जगाकर हमें शारीरिक और मानसिक व्याधियों से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि भारतीय मनीषियों द्वारा प्रदत्त इस पद्धति को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। योग की गहराई को समझाते हुए उन्होंने बताया कि योग शब्द संस्कृत की 'यु' धातु से बना है, जिसका अर्थ जुडऩा होता है। जब तक चित्त की वृत्तियों का निरोध नहीं होता, तब तक योग की पूर्णता प्राप्त नहीं की जा सकती। शिविर के दौरान योगाचार्य ने साधकों को ताड़ासन, दण्डासन, कटिचक्रासन, अर्ध चंद्रासन, द्विचक्रिकासन, भुजंगासन सहित नाड़ीशोधन और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का विधिवत अभ्यास कराया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विजय मेहता, पृथ्वी सिंह बाणा, आजाद सचदेवा, संजीव मोंगा, ललित मेहता, गुरप्रीत सिंह, सुरेंद्र आहूजा, अंकुश नरूला, कंवल चौधरी, जगदीश शर्मा, सुषमा सेठी, मीनाक्षी मोंगा, सरगम सेठी और गुरबख्श सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अल्फा इंटरनेशनल सिटी के निवासियों ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। यह शिविर अगले दो दिनों तक निरंतर जारी रहेगा।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने महिलाओं को दिया प्राथमिक सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण

- आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाने से पहले सीपीआर देना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मंगलवार को पीएनबी ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न गांवों से सिलाई व ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को बेसिक प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान उन्हें डमी प्रैक्टिकल के माध्यम से सीपीआर, पट्टी बांधना, रोगी को स्थानांतरित करने की विधि, बेहोशी, सदमा, रक्तस्राव, हड्डी के टूटने बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में बेहोशी के समय सांस बंद होने पर रोगी को अस्पताल पहुंचाने से पहले प्राथमिक सहायता व सीपीआर देना अनिवार्य है। इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों को स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया गया।



**सिरसा।** महिलाओं को प्राथमिक सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए।

# पीली मंदोरी की गीतिका का राई स्पोटर्स स्कूल में चयन

## राई स्कूल में दाखिला पाना गौरव की बात, चयन प्रक्रिया होती है कठिन : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| 0भट्टूकलां

भट्टू क्षेत्र की होनहार खेल प्रतिभा गीतिका विशु ने मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय (राई स्कूल), सोनीपत में दाखिला पाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सोनीपत के राई स्थित इस स्कूल को खेलों का 'मक्का' माना जाता है। 9 वर्षीय छात्रा गीतिका की इस सफलता में भट्टू मंडी के दयानंद हाई स्कूल का विशेष योगदान रहा है। छात्रा ने अपनी प्राथमिक शिक्षा यानि पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई इसी स्कूल से की है। स्कूल के अनुशासित माहौल, डायरेक्टर नवीन बिंदल के प्रोत्साहन ने ही गीतिका के भीतर खेल और शिक्षा का बेहतर संतुलन बनाने का जज्बा पैदा किया। बता दें कि राई स्कूल में दाखिला मिलना गौरव की बात है क्योंकि इसकी चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन होती है। पीली मंदोरी निवासी बलिंदर विशु की सुपुत्री गीतिका को इसके लिए कई चरणों से गुजरना पड़ा, जिसमें प्रदेश स्तरीय शारीरिक दक्षता परीक्षा, खेल कौशल परीक्षण इत्यादि शामिल थे। हजारों खिलाडिय़ों के बीच गीतिका ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई।



**भट्टूकलां।** गीतिका को बधाई देते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### किया जाएगा सम्मानित

अपनी इस उपलब्धि के बाद छात्रा के पिता बलिंद्र अपनी बेटी गीतिका के साथ फतेहाबाद के सिविल सर्जन डॉ. बुधराम व डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के इन उच्चाधिकारियों ने गीतिका की उपलब्धि को गौरवशाली बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामाजिक संस्था 'खुशी नई उम्मीद' के सदस्यों ने भी होनहार छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि गीतिका की यह सफलता क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। संस्था द्वारा जल्द ही गीतिका सहित क्षेत्र के अन्य होनहार बच्चों को सम्मानित किया जाएगा ताकि युवाओं में खेलों के प्रति रुझान बढ़े।



### क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने किया वाटर पार्क का शैक्षिक भ्रमण, जमकर की मस्ती

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के लिए हेरिटेज विलेज एवं वॉटर पार्क, ढंढूर का एक रोचक शैक्षिक भ्रमण का आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दिनभर विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। भ्रमण स्थल पर पहुंचने के बाद विद्यार्थियों को स्वादिष्ट नाश्ता कराया गया। विद्यार्थियों ने वॉटर पार्क में जल क्रीड़ाओं का भरपूर आनंद लिया। हेरिटेज विलेज में विद्यार्थियों ने बैलगाड़ी एवं ऊंट की सवारी का आनंद लिया साथ ही विद्यार्थियों ने आकर्षक कठपुतली शो को देखते हुए ग्रामीण जीवन एवं संस्कृति की जानकारी ली। दोपहर में विद्यार्थियों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। प्रधानाचार्या रितु सिंधु व विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं एवं उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

# हवन कर मनाया मनोहर लाल का जन्मदिन

## पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने कार्यकर्ताओं के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भाजपा में घर वापसी के बाद पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रतिया में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए हवन-यज्ञ किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि मनोहर लाल जी का जीवन सादगी और पारदर्शिता की मिसाल है। वे एक राजनीतिक संत हैं जिनके नेतृत्व में हरियाणा ने सुशासन और विकास के नए आयाम छुए हैं। उनका समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर रमेश मेहता, सतपाल जिंदल, सुंदर बिश्नोई, सुखविंद्र गोयल, निर्मल धालीवाल, दर्शन सिंह आदि रहे।



**रतिया।** हवन में भाग लेते पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा व अन्य कार्यकर्ता।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक, मांगों पर जताया रोष

## मनरेगा स्कीम जारी रखने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक रतिया की मासिक सभा आज ब्लॉक प्रधान सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा का संचालन ब्लॉक सचिव गुरप्रीत सिंह नैन ने किया। इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। सभा में सबसे पहले 21 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिए गए धरने की समीक्षा की गई और मजदूर दिवस पर संघ की भागीदारी को लेकर विचार साझा किए गए। इसके साथ ही कर्मचारियों ने किसान-मजदूर वर्ग की मांगों का समर्थन करते हुए मनरेगा स्कीम को जारी रखने, महंगाई पर रोक लगाने और किसानों को सरकारी डिपो के माध्यम से उचित दर पर खाद-बीज उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने एमएसपी कानून को भी सख्ती से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर पेंशन में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि करना, मेडिकल भत्ता 3000 करना आदि शामिल है।

### सोलर मोटर चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव चितैण से सोलर मोटर और अन्य कृषि उपकरण चोरी करने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील कुमार पुत्र राम किशन और निर्मल कुमार उर्फ गूगन पुत्र मेघराज के रूप में हुई है, जो दोनों ही गांव आंकावाली के निवासी हैं। थाना सदर टोहाना प्रभारी ने बताया कि गांव चितैण निवासी विरेन्द्र सिंह पुत्र मांगेराम ने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 10 मार्च की रात को अज्ञात चोरों ने उनके खेत में घुसकर वहां लगी सोलर मोटर, बैंड, प्लेट और प्लेट के ऊपर वाली नलकी सहित अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए थे। घटना का पता पीड़ित को अगली सुबह खेत पर जाने के बाद चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। विरेन्द्र सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना सदर टोहाना में केस दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### राजेंद्र कुमार बने नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन जिला सिरसा की बैठक टाऊन पार्क में आयोजित की गई। बैठक में नंबरदारों ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर राजेंद्र कुमार नेजाडेला कलां तहसील प्रधान को आगामी तीन सालों के लिए सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया। राजेंद्र कुमार ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी तन्मयता से निभाएंगे। इस मौके पर जगजीत सिंह संधु, होशियार सिंह, युधिष्ठिर गोदारा, राकेश कुमार, तिलकराज, हरफूल सिंह, राजेंद्र कुमार, प्रेम चंद, अमीरचंद, बागचंद, ब्रह्मप्रकाश, बलदेव सिंह, शामलाल, रेशम सिंह, वजीरचंद, जंगीर सिंह, जगराज सिंह, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## नशा तस्करों पर फतेहाबाद पुलिस का कड़ा एक्शन

# अप्रैल में 202 अपराधी गिरफ्तार, नेटवर्क ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस द्वारा अप्रैल माह के दौरान चलाया गया विशेष अभियान काफी प्रभावी साबित हुआ है। इस अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त 202 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के नेतृत्व मे की गई। पुलिस ने न केवल तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा, बल्कि उनके आर्थिक साम्राज्य पर चोट करते हुए 6 बड़े तस्करों की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति को भी कुर्क करवाया है। इसी क्रम में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 66 मामले दर्ज कर 93 तस्करों को काबू किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं, जिनमें 364 ग्राम हेरोइन, 264.34 किलोग्राम चूरा पोस्त, 11.23 किलोग्राम गांजा, 5.52 किलोग्राम अफीम और 1180 नशीली गोलियां शामिल हैं। इनमें से 5 मामले कमर्शियल मात्रा के पाए गए हैं, जो नशा तस्करी के एक बड़े संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करते हैं। पुलिस ने अप्रैल में अवैध शराब के कारोबार पर भी कड़ा प्रहार किया। इस दौरान 28 मामलों में 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 206 बोतल देशी शराब, 200 बोतल हथकढ़ शराब और 1717 लीटर लाहन जब्त किया गया।



**फतेहाबाद।** एसपी निकिता खट्टर।

### 24 घंटे में किया पांच मामलों का खुलासा

चोरी और स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9,30,700 की संपत्ति बरामद की। खास बात यह रही कि 5 मामलों का खुलासा मात्र 24 घंटे के भीतर कर दिया गया। अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 पिस्तौल, बंदूक और जिंदा कारतूस सहित 5 आरोपियों को दबोचा गया। इसके अतिरिक्त, फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ करते हुए 12 उद्घोषित अपराधियों, 14 बेल जंपर और लंबे समय से फरार 3 इनामी अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में खड़ा किया गया। एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि नशा समाज को भीतर से खोखला करता है, इसलिए इसे समाप्त करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आने वाले समय में नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी।